चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

Chaudhary Charan Singh University, Meerut

E.mail : ar.affiliation@ccsuniversity.ac.in NAAC A++ Website : www.ccsuniversity.ac.in

पत्रांकः–सम्बद्धता /3437 /2026–27 दिनांक : 25.11.2026

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष / समन्वयक / निदेशक
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर,
मेरठ

विषयः– डाक विभाग की **One Day Dakiya** पहल के अन्तर्गत विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित किये जाने के संबंध मे।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक प्रवर अधीक्षक डाकघर, मेरठ मण्डल,मेरठ के संलग्न पत्र संख्या–डी–34 / मेरठ यूनिवर्सिटी / 2026–27 दिनांक 18.11.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करे, जो कि डाक विभाग की One Day Dakiya पहल के अन्तर्गत विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित किये जाने के संबंध मे है।

उक्त के सम्बन्ध में आपसे अनुरोध है कि आप प्रवर अधीक्षक डाकघर, मेरठ मण्डल, मेरठ के इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को डाक विभाग की कार्यप्रणाली, विभिन्न डाक सेवाओं तथा डाकिया के कर्तव्यों एवं दायित्वों से परिचित कराना है। उक्त पहल के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के इच्छुक विद्यार्थि को डाकिया के साथ उसके वितरण मार्ग पर जाकर एक दिन के लिए डाकिया के कार्या एवं दायित्वों को प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया जायेगा उक्त गतिविधि में भाग लेने वाले विद्यार्थी को 500 / – रूपये का कूपन प्रदान किया जायेगा जिसका उपयोग कूपन जारी करने वाले डाकघर से डाक एवं पार्सल बुकिंग हेतु किया जा सकेगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि विश्वविद्यालय के इच्छुक विद्यार्थियों को उक्त कार्य में स्वैच्छिक रूप से प्रतिभाग करने हेतु प्रोत्साहित करने का कष्ट करें।

संलग्नकः–उपरोक्तनुसार।

भवदीय
25/11/26
कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

01. वैयक्तिक सहायक कुलपति को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. प्रभारी प्रैस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
03. प्रभारी विश्वविद्यालय बेवसाइट चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
04. सम्बन्धि पत्रावली।

कुलसचिव

A3213
21/11/25
R9615
19/11/25

डाक विभाग
कार्यालय प्रवर अधीक्षक डाकघर
मेरठ मंडल, मेरठ - 250001
ईमेल:- domeerut.up@indiapost.gov.in
दूरभाष:- 0121-2643929

सत्यमेव जयते

AR (Affiliation)
19/11/25

सेवा में,

कुलसचिव,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

कुलसचिव
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

पत्रांक:डी-34/मेरठ यूनिवर्सिटी/2026-27 दिनांक: 18.11.2026

विषय: डाक विभाग की "One Day Dakiya" पहल के अंतर्गत विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित किए जाने के संबंध में।

****

महोदय,

उपर्युक्त विषयक एवं संदर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि डाक विभाग द्वारा N-Gen Post Offices के माध्यम से विद्यार्थियों को "One Day Dakiya" के रूप में डाकिया के साथ डाक वितरण कार्य का अनुभव प्रदान किए जाने हेतु एक पहल प्रारंभ की जा रही है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को डाक विभाग की कार्यप्रणाली, विभिन्न डाक सेवाओं तथा डाकिया के कर्तव्यों एवं दायित्वों से परिचित कराना है।

इस संबंध में अवगत कराना है कि मेरठ मंडल के अंतर्गत मेरठ यूनिवर्सिटी उप डाकघर को N-Gen Post Office के रूप में विकसित किया गया है। उक्त पहल के अंतर्गत विश्वविद्यालय के इच्छुक विद्यार्थियों को डाकिया के साथ उसके वितरण मार्ग (Delivery Beat) पर जाकर एक दिन के लिए डाकिया के कार्यों एवं दायित्वों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। विद्यार्थियों का चयन स्वैच्छिक आधार पर तथा संबंधित Delivery Beat के लिए उपलब्ध स्लॉट के अनुसार पहले आओ, पहले पाओ (First-Come, First-Serve) के आधार पर किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, उक्त गतिविधि में भाग लेने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को ₹500/- मूल्य का कूपन प्रदान किया जाएगा, जिसका उपयोग कूपन जारी करने वाले डाकघर से डाक एवं पार्सल बुकिंग हेतु किया जा सकेगा। उक्त कूपन जारी होने की तिथि से एक वर्ष तक वैध रहेगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि विश्वविद्यालय के इच्छुक विद्यार्थियों को उक्त पहल में स्वैच्छिक रूप से प्रतिभाग करने हेतु प्रोत्साहित करने तथा इच्छुक विद्यार्थियों की पहचान एवं नामांकन में आवश्यक सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें, ताकि निर्धारित समय-सारणी के अनुसार उक्त गतिविधि का आयोजन सुनिश्चित किया जा सके।

प्रवर अधीक्षक डाकघर
मेरठ मंडल, मेरठ।

प्रतिलिपि : उप डाकपाल, मेरठ यूनिवर्सिटी उप डाकघर को इस आशय से प्रेषित कि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से समन्वय स्थापित कर संलग्न SOP के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें तथा की गई कार्यवाही से इस कार्यालय को समय-समय पर अवगत कराएं।